# LOS ANGELES काउंटी
# रजिस्ट्रार-रिकॉर्डर/काउंटी क्लर्क

## जून 2022 प्राथमिक चुनाव के अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

### मतदाता पंजीकरण

**मैं मतदान करने के लिए कैसे पंजीकरण हो सकता हूँ?**

- मतदान करने के लिए पंजीकरण करने का सबसे आसान तरीका ऑनलाइन **LAVOTE.GOV** पर है।
- मतदाता पंजीकरण आवेदन अधिकांश सरकारी भवनों जैसे पुस्तकालय, डीएमवी कार्यालय, और नॉरवॉक में रजिस्ट्रार मुख्यालय में भी उपलब्ध होते हैं।
- इस चुनाव के लिए डाक द्वारा मतदान मतपत्र प्राप्त करने के लिए मतदाताओं को **23 मई** तक मतदान करने के लिए पंजीकरण करना होगा।

**मैं कैसे जाँच सकता हूँ कि मैं मतदान करने के लिए पंजीकृत हूँ या मेरी पंजीकरण स्थिति क्या है?**

- मतदाता LAVOTE.GOV/VRSTATUS पर ऑनलाइन अपने पंजीकरण की स्थिति और जानकारी की जाँच कर सकते हैं।

**क्या मैं पंजीकरण की समय सीमा चूक जाने के बावजूद भी मतदान कर सकता हूँ?**

- हाँ। कोई भी पात्र मतदाता जो **23 मई** की समय सीमा चूक जाता है, वह L.A. काउंटी के किसी भी मतदान केंद्र पर वैयक्तिक रूप से सशर्त मतदाता पंजीकरण (उसी दिन पंजीकरण) के माध्यम से मतदान कर सकता है।

**मुझे अपने मतदाता पंजीकरण की जानकारी को कब अद्यतन करना चाहिए?**

- यदि आप स्थानांतरित हो गए हैं, अपना नाम बदल दिया है, या अपनी राजनीतिक दल की संबद्धता को बदलना चाहते हैं।

---

### डाक-द्वारा-मतदान

**मुझे मेरा डाक द्वारा मतदान मतपत्र कब प्राप्त होगा?**

- डाक द्वारा मतदान मतपत्र सभी पंजीकृत मतदाताओं को **5 मई** से डाक द्वारा भेजना शुरू किया गया है।

**मैं अपना डाक द्वारा मतदान मतपत्र पर कैसे नजर रख सकता हूँ?**

- मतदाता, **मेरा मतपत्र कहाँ है (व्हेयर इस माय बैलैट)**, की सदस्यता लेने के लिए california.ballottrax.net पर सदस्यता लेकर अपने मतपत्र पर नजर रख सकते हैं। यह एक निःशुल्क सदस्यता है जो आपके मतपत्र की स्थिति के बारे में टेक्स्ट, ईमेल या वाक्य संदेश द्वारा स्वचालित सूचनाएं भेजती है।

**मुझे मतपत्र डालने के बक्स (ड्रॉप बॉक्स) स्थानों की सूची कहाँ मिल सकती है?**

- ऑनलाइन **LAVOTE.GOV पर**
- डाक द्वारा मतदान पैकेट में मतदाता निवास के निकट सुविधाजनक मतपत्र ड्रॉप बॉक्स स्थानों की सूची शामिल है।

**मुझे वापसी लिफाफे पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता क्यों है?**

- पंजीयक वापसी लिफाफे पर किये गये हस्ताक्षर का सत्यापन मतदाता के पंजीकरण अभिलेख पर किये गये हस्ताक्षर के साथ पात्रता की पुष्टि करने के लिए करता है।

**क्या मैं वापसी लिफाफा पर अपने जन्मदिन की तारीख डालू या वापसी की तारीख डालू?**

- मतपत्र वापस करने की तिथि दर्ज करें। यदि कोई मतदाता इसके बजाय अपनी जन्मतिथि दर्ज करता है, तो मतपत्र को फिर भी संसाधित किया जाएगा, और एक बार सत्यापित होने के बाद, चुनाव की रात को गिना जाएगा।

**मुझे अपना मतपत्र कब जमा करना होगा?**

- मतदाता अपना मतपत्र प्राप्त होते ही वापस कर सकते हैं।
- सभी मतपत्रों को चुनाव के दिन या चुनाव दिवस तक कि डाक मुहर किया हुआ लौटाया जाना चाहिए।
- हमारा कार्यालय चुनाव दिवस तक की डाक मुहर किया हुआ मतपत्र और चुनाव दिवस के बाद के 7 दिनों के भीतर प्राप्त होना स्वीकार करेगा।

# LOS ANGELES काउंटी रजिस्ट्रार-रिकॉर्डर/काउंटी क्लर्क

# जून 2022 प्राथमिक चुनाव के अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

## डाक-द्वारा-मतदान

### क्या होगा यदि मुझे मतपत्र प्राप्त नहीं होता है या यह क्षतिग्रस्त हो जाता है?

- मतदाता **LAVOTE.GOV/REPLACEBALLOT** पर प्रतिस्थापन मतपत्र का अनुरोध कर सकते हैं। प्रतिस्थापन का अनुरोध करने का अंतिम दिन **31 मई** है।
- अपना पूरा नाम, जन्म तिथि और पते के साथ (800) 815-2666, विकल्प 2 पर कॉल करें, या votebymail@rrcc.lacounty.gov पर ईमेल करें।

### मैं एक अलग भाषा में डाक द्वारा मतदान मतपत्र का अनुरोध कैसे कर सकता हूँ?

- नमूना मतपत्र पुस्तक के पीछे भाषा अनुरोध प्रपत्र को भरें और वापस करें।
- पंजीयक के बहुभाषी सेवा अनुभाग (800) 815-2666, विकल्प 3 पर कॉल करें।
- समर्थित भाषाएँ: अर्मेनियाई, चीनी, खमेर, फ़ारसी, कोरियाई, स्पेनिश, तागालोग, वियतनामी, हिंदी, जापानी, थाई, रूसी, बर्मी, तेलुगु, गुजराती, इंडोनेशियाई, मंगोलियाई और बंगाली हैं।

## वैयक्तिक रूप से मतदान

### क्या मैं वैयक्तिक रूप से मतदान कर सकता हूँ?

- हाँ। मतदाताओं के पास **28 मई** से शुरू होने वाले किसी भी मतदान केंद्र पर वैयक्तिक रूप से मतदान करने का विकल्प होगा।
- मतदान केंद्र प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक और चुनाव के दिन सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे।

### मैं एक मतदान केंद्र कैसे ढूंढ सकता हूँ?

- मतदान केंद्र ऐप देखने के लिए **LOCATOR.LAVOTE.GOV** पर जाएं।
- ऐप LA काउंटी में सभी मतदान केंद्र के स्थानों और अनुमानित प्रतीक्षा समय को प्रदर्शित करता है।
- प्रत्येक पंजीकृत मतदाता को मई के मध्य में एक अलग डाक प्रेषण जो उनके घर के निकटतम मतदान केंद्र के स्थानों को सूचीबद्ध करता है, डाक से भेजा जाएगा।

### मैं वैयक्तिक रूप से कब मतदान कर सकता हूँ?

- **28 मई** से मतदाता किसी भी मतदान केंद्र पर जा सकते हैं।
- प्रारम्भिक मतदान के अवसरों का लाभ उठाएं और जल्दी मतदान करें।

### आप मतदान केंद्रों को कोविड-19 से कैसे सुरक्षित रख रहे हैं?

- सभी मतदान केंद्र वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करते हैं।
- चुनाव कार्यकर्ता फेस मास्क पहनेंगे और नियमित रूप से सतहों को पोंछेंगे।
- मतदाताओं को फेस मास्क पहनने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित किया जाता है।

### क्या मुझे किसी मतदान केंद्र पर मतदान करने के लिए पहचान प्रदान करने की आवश्यकता है?

- कैलिफोर्निया के कानून में पंजीकृत मतदाताओं को मतदान करते समय पहचान दिखाने की आवश्यकता नहीं है।
- हालांकि, यदि कोई मतदाता पहली बार पंजीकरण कर रहा है, तो उन्हें एक वैध सरकारी फोटो पहचान पत्र या सामाजिक सुरक्षा संख्या के अंतिम चार अंक प्रदान करने होंगे।